संचिका सं0— BRRDA(HQ)-MMGSKY-200/12

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

शुद्धि पत्र

विषयः—"**मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना" के कार्यान्वयन के संबंध में**

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से संबंधित संकल्प संख्या 218 दिनांक 28.01.2013 की कंडिका 2.1 में निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

राज्य कोर—नेटवर्क में टोलों/बसावटों की आबादी के घटतेकम में प्रखण्डवार प्रस्तावित पथों की प्राथमिकता सूची तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के सफल कियान्वयन हेतु निर्गत संकल्प सहपठित ज्ञापांक 218 दिनांक 28.01.2013 के अनुसार प्राथमिकता सूची योजना के चयन का आधार है।

प्राथमिकता सूची में वैसे पथ जो कम आबादी के कारण नींचे के कम में आते हों परन्तु जिला मुख्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, पंचायत कार्यालय, मुख्य हाट/बाजार, दर्शनीय/ऐतिहासिक महत्व के स्थलों आदि की दृष्टिकोण अथवा विधिव्यवस्था की दृष्टिकोण से महत्तवपूर्ण हो सकते है, का निर्माण आवश्यक हो सकता है।

अतः माननीय विधानमंडल की सदस्यों की अनुशंसा अथवा विभाग की दृष्टि से किसी महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कराये जाने की आवश्यकता के आलोक में वर्त्तमान प्रस्तातिवत प्रथमिकता सूची में बदलाव किया जा सकेगा।

प्रस्ताव पर माननीय मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

पूर्व में निर्गत संकल्प संख्या 218 दिनांक 28.01.2013 की कंडिका 2.1 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

आदेशः—आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण पत्र में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाय।

B. Rajender 27.5.2013

(बी० राजेन्दर)
सचिव

ज्ञापांक :—BRRDA(HQ)-MMGSKY-200/12 – 1059 दिनांकः— 27.5.2013

प्रतिलिपिः—अधीक्षक, राज्यकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि इसे बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित करते हुए इसकी एक सौ प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

B. Rajender 27.5.2013

सचिव

ज्ञापांक :—BRRDA(HQ)-MMGSKY-200/12 1059 दिनांकः— 27.5.2013

प्रतिलिपिः—मुख्य सचिव, बिहार / विकास आयुक्त, बिहार / महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव / माननीय मुख्यमंत्री के सचिव / सरकार के सभी विभागों के प्रधान सचिव एवं सचिव / सभी विभागाध्यक्ष / महालेखाकार, बिहार / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 27.5.2013

सचिव

ज्ञापांक :—BRRDA(HQ)-MMGSKY-200/12 1059 दिनांकः— 27.5.2013

प्रतिलिपिः—अभियंता प्रमुख / सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग तथा मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 27.5.2013

सचिव